२–**Control of mind (मनोनियमन) :–** मनुष्य का मन उसकी सभी प्रवृतियों का केन्द्र होने के कारण उसके पूरे व्यक्तित्व का नियामक है। विचारों, क्रियाओं, तीव्र इच्छाओं तथा भावनाओं–इन सबका संचालक वही है। यह अबाधित रूप से निरन्तर क्रियाशील रहता है। यदि इसे ढीला छोड़ कर अपनी स्वेच्छानुसार विचरण करने दिया जाये तो जैसा साधारणतया होता है–अक्सर यह शारीरिक चेतना से संयुक्त होकर इन्द्रिय-जन्य कामनाओं और अभिलाषाओं की पूर्ति में संलग्न हो जाता है। इस प्रकार इसकी अधिकांश प्रवृतियां भौतिक उद्देश्यों की पूर्ति की ओर मुड़ जाती हैं, और यह उनके जाल में फँस जाता है। मनुष्य के अनियंत्रित मन का यह एकपक्षीय झुकाव वास्तव में उन सारे अनर्थों की जड़ है जो साधारणतया हमें अधःपतन की ओर ले जाता है। यही कारण है कि मन को मनुष्य का सबसे बुरा शत्रु कह कर उसकी भर्त्सना की जाती है और उसे वश में रखने के लिये अक्सर निरोध या संहार की सलाह दी जाती है। जाहिर है कि ऐसे उपायों से कुछ समय के लिये मन वश में आ जाता है पर उसके अन्दर हमेशा से दबी बुरी वृत्तियों से छुटकारा नहीं मिल सकता। जब बुराई हटती ही न हो तब निग्रह की आवश्यकता प्रतीत होती है। इसलिये जब हम मन के निग्रह की बात करते हैं तो इसके साथ-साथ भीतर दबी बुराई का छिपा भाव भी निश्चित रूप से निहित है। इसका अर्थ यह हुआ कि जहर तो जैसा था वैसा ही कायम रहा, और प्रयत्न सिर्फ उसके बाह्य प्रभावों पर रोक लगाने के लिये किये गये। यदि किसी कारण-वश नियंत्रण में शिथिलता आ गई, तो बुराइयां फिर से उभर आयेंगी तथा अपना करतब दिखाना शुरू कर देंगी। इससे स्पष्ट है कि "मन का निग्रह" करने का विचार ही गलत है। वास्तव में इसे 'मन की शुद्धि' कहना अधिक उचित है, जिसका तात्पर्य है–मन से अवांछित तत्वों का निष्कासन। यही विधि हमारे उद्देश्य की पूर्ति के लिये सर्वथा उपयुक्त है।



३–**Purification of mind (मन की शुद्धि) :–** बेशक हर बुराई की उत्पत्ति मन से होती है किन्तु ऐसा तभी होता है जब यह सही रास्ते से हट जाता है, इसलिये वास्तविक उपाय इसकी वृत्तियों को सही-सही मोड़ देना होगा। यह कार्य तभी उत्तम रूप से संपन्न किया जा सकता है जब अन्दर दबे बुराई के जहर को बाहर निकाल फेंका जाये। यह स्थिति मन के उचित शुद्धीकरण से आती है जिससे इसका बुरी वृत्तियों से छुटकारा सभव हो सकता है। शुद्धिकरण की क्रिया केवल बुरी वृत्तियों के निष्कासन तक ही सीमित नहीं रहती–इसमें व्यक्ति की समस्त गुत्थियां और ठोसता भी शामिल हैं, जो भौतिकता के सर्वतोमुखी प्रभाव के कारण आई हैं।

इसलिये आन्तरिक शुद्धि साधना का अत्यंत आवश्यक अंग है। मन की इन गुत्थियों को दूर किये बिना, अथवा अंशतः कम किये बिना आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ना असंभव सा हो जाता है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आध्यात्मिक जीवन के इस अत्यावश्यक अंग को अधिकांश साधना पद्धतियों में कोई स्थान नहीं दिया गया। फलस्वरूप उनके जीवन भर के परिश्रम से की गई यन्त्रवत् पूजा के बावजूद नीचे से ऊपर तक वे ठोस सघनता के आवरण तले डूबे रहते हैं, तथा ईश्वर-प्राप्ति का मार्ग सदा के लिए अबरूद्ध हो जाता है। यह सच है कि नियमित मन व उसके शुद्धिकरण के बिना आध्यात्मिक उन्नति एक स्वप्न मात्र है। बेशक यह बड़ा कठिन कार्य है तथा इसके लिए साधक से पूर्ण मनोयोग तथा निरन्तर कार्यशीलता की अपेक्षा है। इस कार्य के लिए योग्य मार्गदर्शक का अनुग्रह तथा सहायता अत्यावश्यक है।

४–**Regulation of mind (मन का नियमन) :–** मन का नियमबद्ध संचालन हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए शुद्धिकरण का आश्रय लिया जाता है। शुद्धिकरण के सामान्य अर्थ से कुछ अधिक का यहां आशय है। मन को व्यवस्थित करने का मतलब केवल बुरे विचार तथा घने रूप में स्थित मलिन तत्वों का निष्कासन ही नहीं, वरन् मन से सम्बन्धित सभी वस्तुओं का उचित संयोजन व संतुलन करना है। इसका अर्थ ऐसी सर्वांगीण संतुलित स्थिति है, जो उतार-चढ़ाव तथा उत्तेजना के प्रभाव से मुक्त रहे। किन्तु इसका अर्थ समस्त इच्छाओं, उत्कंठाओं तथा भावनाओं

का पूर्ण निष्कासन नहीं होगा। कामनाएँ, भावनाएँ इत्यादि हमारे दैनिक जीवन की आवश्यकताएँ हैं, जिनका उपयोग समय समय पर जरूरी है, किन्तु आवश्यकतानुसार नियमित रूप से निरंकुश होकर सीमा का उल्लंघन किये बिना। साथ साथ मन भी उनके भार से मुक्त रहना चाहिये।

५–Meditation ध्यान ) :-- मन का सम्यक् नियमन साधना का मुख्य उद्देश्य है, अतएव प्रारम्भ से ही हमें उस ओर प्रयत्नशील होना होगा। इस कार्य के लिए सबसे उपयुक्त व प्रभावशाली तरीका ध्यान का है जिसका सीधा सम्बन्ध मन के क्रिया कलापों से है। मन की सामान्य प्रवृतियों में क्रमिक परिवर्तन के द्वारा उसके अबाध विचरण तथा बहुविध वृत्तियों को काबू में लाया जा सकता है। देहभाव से निरन्तर सम्पर्क रहने के कारण मन बुराइयों में उलझ गया है, तथा प्रतिक्षण इन्द्रियजन्य इच्छाओं की पूर्ति में लगा रहता है। ऐसे मन को उच्च आदर्शों की ओर मोड़ना है। हम ध्यान में यही करते हैं। ध्यान में कुछ समय के लिए हम अपने को एक ही विषय में संलग्न कर देते हैं। इसके अर्थ यह हैं कि कम से कम कुछ क्षणों के लिए हम उसकी घृणित प्रवृतियों के असर से दूर हो जाते हैं। जैसे जैसे अभ्यास में प्रौढ़ता आती जाती है--मन अभ्यस्त होता जाता है तथा आन्तरिक शान्ति का विकास होने लगता है। ध्यान के अभ्यास का प्रारम्भिक फल यही नजर आता है।

६–Concentration (एकाग्रता) :– एकाग्रता से ध्यान का विकास होता है यह एक बहुत बड़ी भूल है। अधिकांश व्यक्तियों को जोर देकर समझाया जाता है कि ध्यान का आरम्भ करने से पहले एकाग्रता का अभ्यास करना जरूरी है, शायद इस भ्रामक विचार का मूल कारण अष्टांग योग के उन नियम की अनुचित व्याख्या होगी जिसके क्रियान्वयन में ध्यान के पूर्व 'धारणा' की गिनती की गई है। 'धारणा' का सरल अर्थ है 'सावधान रहना' किन्तु अक्सर लोग इसका अर्थ 'एकाग्रता' लगा लेते हैं। यदि इस प्रश्न को हमारे दैनिक जीवन--चर्या के प्रकाश में देखें तो ज्ञात होगा कि जब भी हम किसी सांसारिक समस्या को सुलझाने के लिए विचार आरम्भ करते हैं, तो स्वभाविक रूप से हम ध्यान, धारणा तथा समाधि इन तीनों



सीढ़ियों से गुजरते हैं। इन सभी कार्यों के लिए प्रथम हम अपना ध्यान उस विषय की ओर केन्द्रित करते हैं तत्पश्चात विचार को लगातार उस पर लगाये रहते हैं। कभी--कभी जब विचार में गहराई आ जाती है तब हम उसमें खो जाते हैं जिसे सचमुच एकाग्रता की स्थिति मान सकते हैं। अतः एकाग्रता को ध्यान की प्रथम सीढ़ी मान लेना सरासर भूल है और यदि हम एकाग्रता से शुरूआत करें, तो जाहिर है कि हम भौतिक दबाव से मन की प्रवृत्तियों को दबा कर निलबन की सी स्थिति पैदा करते हैं जो एक दोष पूर्ण तरीका है, तथा हमें असली लक्ष्य से दूर ले जाता है। भौतिक शक्ति से जबर्दस्ती उत्पन्न की हुई यह निलबंन की दशा कुछ काल के लिये बेहोशी की सी स्थिति उत्पन्न कर सकती हैं। उसे हम भूल से आध्यात्मिक स्थिति मान बैठते हैं। यह स्थिति क्लोरोफार्म सरीखी किसी औषधि के प्रभाव से लाई गई बेहोशी से मिलती--जुलती होती है।

७–Object for meditation (ध्यान का विषय):– इस सिलसिले में दूसरी महत्त्वपूर्ण वस्तु ध्यान के विषय का चुनाव है। कुछ आचार्यों ने ध्यान को दो श्रेणियों में बांटा है क्रमशः 'मूर्त्त' और 'अमूर्त्त'। 'मूर्त्त ध्यान' के लिये किसी भौतिक स्थूल रूप को द्रष्टि में रख कर अभ्यास किया जाता है। इस कार्य के लिये अनेक विषय बताये जाते हैं। मुख्य रूप से यह किसी देवी देवता की प्रतिमा अथवा चित्र होता है जिसे इस कार्य के लिये सामान्यतः सबसे उपयुक्त समझा जाता है। कुछ लोग इस कार्य के लिये दीपशिखा, पर्वत शिखर, नदी अथवा फूल को भी उपयुक्त समझते हैं। यह बात भली भांति समझ में नहीं आती कि जिन वस्तुओं का दैवी भावना से कोई सम्बन्ध ही नहीं होता उसे ध्यान के लिये कैसे उपयुक्त समझ लिया जाता है, सिवाय इसके कि एकाग्रता के फलस्वरूप वशीकरण (Hypnotic) शक्तियों का विकास हो सकता है, जो उनके भौतिक लाभ के लिये उपयोगी हो सकती हैं। प्रतिमा पर ध्यान करने से भी इसी उद्देश्य की पूर्ति हो सकती है। अधिक गहराई से देखें तो ज्ञात होगा कि जब किसी भौतिक वस्तु को ध्यान के लिये चुना जाता है तब उसके विशिष्ट गुण जैसे ठोस पन या स्थूलता भी अपना प्रभाव मन पर अवश्य डालते हैं जिसके फलस्वरूप स्थूलता या सघनता कम होने के स्थान पर बढ़ती है। किन्तु

इस विचारधारा का समर्थक अपना बचाव इस तर्क को देकर करता है कि वास्तव में वह प्रतिमा को नहीं वरन् उसमें समाये सत्य को ही ध्यान की वस्तु मानता है। किन्तु यह एक व्यर्थ का तर्क मात्र होता है। सच कहें तो हजारों में से शायद ही कोई प्रतिमा में समाये मूल--तत्व पर ध्यान देता हो। सत्य तो यह है कि वे लोग प्रतिमा मात्र का स्थूलता पूर्वक ध्यान करते हैं तथा मूल में समाये सत्य की ओर ध्यान नहीं देते। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि जब किसी ठोस वस्तु को केन्द्र बिन्दु बनाया जाता है तब उसके मूल में छिपा सत्य अपने आप दृष्टि से दूर होजाता है, और अभ्यासी केवल जबर्दस्ती लाई हुई एकाग्रता का ही अभ्यास करता रह जाता है। इस प्रकार स्वाभाविक तौर पर वे अधिक से अधिक सघनता की ओर बढ़ते जाते हैं। इससे यह प्रमाणित होता है कि स्थूल चीजों पर ध्यान करने से विपरीत परीणाम ही निकलते हैं। ये हमारी सूक्ष्मता की ओर प्रगति में विघ्न बन जाते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि स्थूल ध्यान हमारे अन्तिम लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक नहीं हो सकता। अतएव वह अध्यात्मिकता की दृष्टि से सर्वथा निरूपयोगी है।

इस दृष्टि से सूक्ष्म विषय पर सूक्ष्मतम उपायों से किया गया ध्यान ही उतम समझा जाता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए साधारणतः किसी ईश्वरीय गुण को ध्यान का विषय बनाया जाता है। यही कार्य प्रणाली हम सहज मार्ग में अपनाते हैं। इस प्रकार हम गुण को पकड़ कर गुणवान् शक्ति की ओर बढ़ना चाहते हैं। हमारा ध्येय चूँकि सूक्ष्मता के अन्तिम छोर तक पहुँचना है, इस कारण यह अत्यावश्यक हो जाता है कि ध्यान के लिए ली गई वस्तु भी स्वभाव से अति सूक्ष्म हो। इसलिये हमारे मानस पटल पर अंकित करने के लिए किसी काल्पनिक आकृति को सामने नहीं लेना चाहिए। ऐसा कोई भी प्रयत्न करने से (विचार--वस्तु की किसी भी कल्पित आकृति को सोचकर देखने से) हम पर स्थूल प्रभाव पड़ेगा। परिणामतः इस विधि की समर्थ्य घट जायेगी, तथा अंतिम सफलता संदिग्ध रहेगी। यदि ऐसा अभ्यास तीव्रता से किया जाए तो उससे मानसिक विकार भी उत्पन्न हो सकता है। इस कारण यह अति आवश्यक है कि ध्यान के विषय का चुनाव अत्यन्त सतर्कतापूर्वक किया जाए। अतः अत्युत्तम यही है, कि अनुभव--सिद्ध विधियों का अनुसरण करके हर हालत में साकार ध्यान से सम्बन्धित हर स्थूलता से बचने का प्रयत्न किया जाये।

(क्रमशः)



# 'हमारे समर्थ गुरू श्रद्धेय बाबूजी महाराज'

( कु० कुसुम सक्सेना बी० ए०, सीतापुर )

श्री रामचन्द्र जी महाराज मानव जाति के उन श्रेष्ठतम वर्तमान गुरूओं में से एक हैं जो योग्य जिज्ञासु आत्माओं को अत्यन्त पुरातन काल के नितांत गूढ़ योग मार्ग की शिक्षा--दीक्षा उन्मुक्त रूप से प्रदान कर रहे हैं। उनके श्रेष्ठ सद्गुरु फतेहगढ़ निवासी श्री रामचन्द्र जी ने उन्हें परम पद की ऋजु संप्राप्ति के मार्ग की शिक्षा दी थी। और वास्तव में उन्हें पूर्ण योग की अत्यन्त उत्कृष्ट एवं अन्तिम स्थिति प्रदान की थी। इस योग का सबसे महत्वपूर्ण अंग ऐसे गुरू का सर्वोत्कृष्ट कार्य है, जिससे वह उच्चतम स्थिति प्राप्त कर ली हो जिसे अनन्त, असीम, अथवा परमपद की संज्ञा प्रदान की जाती है।

श्रद्धेय श्री बाबूजी महाराज उपरोक्त गुणों से शुद्ध रूप से विभूषित हैं। महान व्यक्ति संसार में अनायास ही संसार में उत्पन्न नहीं हो जाते, प्रकृति का यह नियम है कि संसार को ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता होती है तभी वे उत्पन्न होते हैं। आधुनिक युग भौतिकता के अवलम्बन के कारण निरन्तर अवनति तथा पतन की ओर अग्रसर होता जारहा है। स्वार्थ, पक्षपात, अहंकार वर्तमान जीवन के प्रमुख लक्षण हैं। सदाचारिता निराश्रित होकर भटक रही है। लगभग प्रत्येक व्यक्ति में अधार्मिकता की प्रवृत्ति वृद्धि पा रही है। अनीश्वरवादिता की भावना प्रवल होती जा रही है। चतुर्दिक वातावरण तथा पाप के बादल छाये हुए हैं।

मानव जीवन भौतिकवाद की उपलब्धियों से आविर्भूत होकर तमसाच्छन्न घोर स्थूलता के कारण संत्रस्त हो उठा है। उसके मनस्ताप को दूर करने की क्षमता, उसकी भूख मिटाने की योग्यता, किसी धार्मिक या राजनैतिक संगठन में नहीं है। नेतृवर्ग केवल वाक्पटुता से मार्ग दर्शन देने के स्थान पर जनमानस को केवल विक्षुब्धमात्र ही कर पा रहा है। ऐसी भयंकर स्थिति में मानवता की रक्षा तथा मानव के सत्य पथ प्रदर्शन हेतु

समर्थ गुरू महात्मा श्री रामचन्द्र जी महाराज के रूप में एक दैवी अर्थात दिव्य शक्ति अवतीर्ण हुई जो दृश्य होते हुए अदृश्य रूप से विश्व में अपना कार्य अनवरत रूप से कर रही है । उसकी महानता अवर्णनीय है ।

संसार में गुरू का स्थान सर्वोच्च है । सद्गुरू की प्राप्ति ईश्वर की कृपा से होती है और ईश्वर की प्राप्ति गुरु की कृपा से होती है । लेकिन किसी अयोग्य व्यक्ति को गुरू बनाने से अच्छा है कि सारे जीवन बिना गुरू के ही रहा जाय ।

आज हमारे बीच एक सच्चे पथ प्रदर्शक के रूप में एक सुयोग्य गुरू विद्यमान है । उनमें यौगिक प्राणाहुति के द्वारा अन्तिम अवस्था तक पहुंचाने की शक्ति पूर्ण रूप से विद्यमान है । वह समस्त मानवता के अज्ञान रूपी अंधकार को अपनी यौगिक शक्ति रूपी दीपशिखा से निरन्तर प्रज्वलित कर रहे हैं ।

आज मानव अपनी आंतरिक दृष्टि खोलकर देख सकता है कि हमारे बीच एक महान शक्ति श्री रामचन्द्र जी महाराज शाहजहांपुर मानव को सच्चा रास्ता दिखलाने के लिए अवतरित हुए हैं और वे सहजमार्ग रूपी पवित्र जल से जन्मजन्मान्तर के पाप रूपी कीचड़ से दूषित हुई आत्मा को प्राणाहुति रूपी छीटों से धो रहे हैं और उसे प्रज्वलित करके मानव को परमात्मा का दर्शन करा रहे हैं ।

सहज मार्ग पद्धति में मानव जीवन का परम ध्येय ईश्वर प्राप्ति है और ईश्वर सब व्यक्तियो के हृदय में विद्यमान है । आज हम ईश्वर का साक्षात दर्शन करने में असमर्थ हैं क्योंकि आत्मा और परमात्मा के बीच में अज्ञान रुपी दीवार खड़ी है । जब तक हम इसको तोड़ नहीं देते हैं, तब तक मानव के लिए ईश्वर साक्षात्कार करना असंभव है । अतएव हम अपने ज्ञान चक्षु में प्रकाश लाने के लिए उस सर्व शक्तिमान ईश्वर को ही एकमात्र आधार मानकर उससे अपना सम्बन्ध जोड़ते हैं । किन्तु हमारे पास कोई ऐसी शक्ति नहीं है जिससे कि हम ईश्वर से सीधा सम्बन्ध जोड़ सकें । इसलिए हम गुरु का सहारा लेते हैं जो हमें अध्यात्मिक जीवन की अनेक मंजिलें पार कराता हुआ ईश्वर से साक्षात्कार करा देता है ।



परम पूज्य एवं श्रद्धेय श्री बाबू जी महाराज ने कलियुग में आध्यात्मिक जीवन को सहज बनाने के लिये हमारे समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया है और यह सिद्ध कर दिया है कि मानव गृहस्थाश्रम का पालन करते हुए ईश्वर साक्षात्कार कर सकता है । हमको गृहस्थी छोड़कर जंगल जाने की आवश्यकता नहीं, अपने आश्रितों को निराश्रित करने की आवश्यकता नहीं, इच्छायें, वासनायें स्वतः ही संतुलित हो जायेंगी । बिना प्रयास के ही हमारे अन्तर में एक नवीन व्यक्तित्व का उदय होगा जो शांत, अडिग एवं मानवता से ऊपर होगा । यह परिवर्तन हमें गुरू की महानता में विश्वास करने को बाध्य करेगा, और हमारा मस्तक श्रद्धा एवं भक्ति से उसके चरणों में झुक जायेगा । हम जब इस तरह उसके सम्मुख स्वयं को समर्पित कर दें तो हमारे लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं रहेगा ।

हमको गुरु के सानिध्य में आना है । जिस प्रकार एक कोयला अंगारे के संपर्क में आने पर स्वयं बिना प्रयास अंगारा बन जाता है वैसे ही अभ्यासी गुरू सामीप्य से गुरु के गुणों तथा उसकी अध्यात्मिक दशाओं को प्राप्त कर लेता है । इस प्रकार महान सद्गुरु सहज ढंग से सहजमार्ग पर चला कर हमें पूर्ण मानव बना देता है ।

इस प्रकार ईश्वर प्राप्ति के लिए केवल प्यास की आवश्यकता है । अभ्यासी को केवल निर्दिष्ट उपासना मात्र करनी है, आत्मोन्नति का समस्त भार गुरु स्वयं वहन करता है ।

आध्यात्मिक विज्ञान का नवीनतम एवं परिष्कृत रूप आज हमारे सम्मुख है । ईश्वर प्राप्ति एवं गृहस्थी दोनों की मंजिलें साथ-साथ तय होंगी । दोनों में सामंजस्य रखते हुए हमें बढ़ना है । ईश्वर प्राप्ति अगले जन्म में नहीं, इसी जन्म में करनी है, समर्थ गुरू के दिशा निर्देश एवं उसकी छत्र-छाया में ।

ईश्वर सर्वव्यापी है, सर्वशक्तिमान तथा अनन्त है । उसको जानने के लिए गुरू को जानना अनिवार्य है । इस प्रकार उसे प्राप्त करके हम अपने अन्तिम लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कर सकते हैं । समय रहते मनुष्य को चेतना चाहिए, जागृत होना चाहिए और महान पुरुष के समीप जाकर साक्षात्कार प्राप्त करना चाहिए ।

प्रकृति की प्रत्येक वस्तु ईश्वर को ही समझकर मानव को अपना कर्त्तव्य करते रहना चाहिए । कर्त्तव्य-कर्त्तव्य के लिए है (Duty for Duty's sake) का जो आदर्श पूज्य बाबू जी हमारे समक्ष प्रस्तुत करते हैं, उसमें यह पता चलता है कि जीवन एक नाटक है (Life is a play) अर्थात् प्रकृति की सम्पूर्ण वस्तुयें ईश्वर की है । उनका कथन है कि कर्त्तव्य के लिए कर्त्तव्य ही निश्चित रूप से निष्काम कर्म है, और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करना ही हमारा ध्रुव कर्त्तव्य है । पूज्य बाबू जी कहते हैं-जो ज्ञान मैं तुम्हें देना चाहता हूँ वह इतना ही है कि उसे जानो जो सब कुछ जानता है ।

सौभाग्य की बात है कि समर्थ गुरु श्री महात्मा श्री रामचन्द्र जी महाराज की महान् कृपा से राजयोग पुनः सर्वसाधारण को सुलभ हुआ । परम् पूज्य श्री बाबूजी महाराज ने उस अनुपलब्ध ब्रह्म विद्या को मार्जित उन्नत तथा सम्पन्न बना कर सहज मार्ग के माध्यम से खुले हाथ बांटना आरम्भ कर दिया है ।

मानव जीवन का परम ध्येय ईश्वर प्राप्ति का सबसे सुगम साधन योग साधन है । यह अक्षरशः सत्य है कि योग साधन आज के मानव के लिए उतना ही या उससे भी अधिक आवश्यक है जितना रोटी-दाल ।

हमारे पूज्य बाबूजी अपने दोनों हाथों से सभी की झोली भरने के लिए तैयार हैं लेकिन दुःख तो इस बात का है, उनके दरबार में मांगने वालों की कमी है ।

हमारे मालिक का जीवन सामान्य लोगों की अपेक्षा कुछ विलक्षण है । उनका जीवन बाहरी आडम्बरयुक्त नहीं है । उन्होंने अन्य पुरुषों की भांति कभी ख्याति प्राप्त करने की चेष्टा नहीं की । उनका जीवन अत्यन्त पवित्र रहस्यात्मक एवं चमत्कारपूर्ण है जिसे केवल आंतरिक योग साधन के माध्यम से पवित्र हृदय ही जान सकता है पूज्य बाबू जी विश्व के समस्त मानवों की उन्नति हेतु सतत् प्रयत्नशील एवं जागरूक हैं ।

श्रद्धेय श्री बाबूजी महाराज ने अपनी पुस्तक 'सत्य का उदय' में लिखा है कि धर्म का अस्त ही आध्यात्मिकता का उदय है, आध्यात्मिकता का अस्त वास्तविकता का उदय है तथा वास्तविकता का अस्त ही यथार्थ आनन्द है, किन्तु जब वह भी समाप्त हो जाता है तब हम लक्ष्य पर पहुँचते हैं । यही उच्चतम स्थिति है जिसका वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है ।

साक्षात्कार के पथ पर सरलता से सफलता प्राप्त करने के लिए मूल उपाय है-इच्छा, आत्मविश्वास एवं श्रद्धा । सारे दिन हमें अपने काम काज के बीच ईश्वर के प्रति सदैव सजग रहना चाहिये ।

फल की कामना बिना किये हुये हमें अपने कर्त्तव्य पालन में निरन्तर रत रहना चाहिए । यही भावना सदैव हृदय में जागृत रहे कि जो कुछ है सब वही है अथवा सब कुछ मालिक की इच्छा पर निर्भर है । यही मालिक के प्रति आत्मसमर्पण है । आत्म समर्पण की ऊँची अवस्था में निर्णय बुद्धि का लगभग अभाव हो जाता है और व्यक्ति प्रत्येक कार्य मालिक की इच्छा समझ कर करता है । उचित-अनुचित का विचार उसके मन में बिल्कुल नहीं उठता क्योंकि उसे यह निश्चयपूर्वक ज्ञात हो जाता है कि वह अपने गुरू की इच्छा का पालन कर रहा है ।

श्री बाबूजी महाराज कहते हैं-ईश्वर के स्मरण मात्र से मन के तमाम दुर्गुण दूर हो जाते हैं और हमारे पथ की तमाम बाधायें दूर हो जाती हैं भक्ति के द्वारा हमारा रास्ता साफ हो जाता है और यह एक ऐसा मार्ग बना लेती है जिससे ईश्वरीय धारा हमारे हृदय में बहने लगती है-हम शारीरिक व मानसिक कार्य करते समय ईश्वर की निकटता व उपस्थिति महसूस करें और ऐसे विचारों की डोर कभी टूटने न पाये । हम सदा ईश्वर की इच्छानुसार कार्य करें और जो कुछ भी परिणाम हो उसमें सुखी व सन्तुष्ट रहें । आत्मसमर्पण पूर्ण रूप से मालिक की इच्छा के अधीन रहने के अतिरिक्त और कुछ नहीं है । यह अवस्था पूर्ण शून्यत्व के बाद आरम्भ होती है ।

पूज्य बाबू जी महाराज का कथन है-व्यक्ति और ईश्वर को जोड़ने वाली कड़ी गुरू है, गुरू की माता के समान कल्पना बहुत ही उचित और लाभदायक होती है । यदि कोई शिष्य अपना सब कुछ समर्पित करके गुरू के मनस् क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसे दिव्य संसार में आने में केवल

सात महीने लगते हैं ............... हमको चाहिये कि हम प्रेम और आकर्षण की भावना द्वारा स्वयं को उस शक्ति केन्द्र से जोड़ लें। इसके लिये यह आवश्यक नहीं कि अपने अन्दर उसके प्रति कैसा भाव रखते हैं। हम उसको अपना दोस्त, नौकर आदि जो चाहें, मान लें लेकिन फिर भी वह हमारा पथ प्रदर्शक अथवा गुरू ही रहेगा।

गुरू ही समस्त जगत का नियन्ता है। वही समस्त ब्रह्मांड का ज्ञाता है। वही हमारा सर्वस्व एवं सर्वोत्तम धन है।

गुरू ही वस्तुतः इच्छित वस्तु है। गुरु ही परम आश्रय है क्योंकि वह उस परम ज्ञान का उपदेश करने वाला है। इसी कारण गुरु महान एवं गहन अंधकार का नाशक है। जो इस तथ्य को जानता है, और उसका निरन्तर स्मरण करते हुए जीवनयापन करता है, वह संसार से सर्वथा मुक्त हो जाता है, और मानव जीवन के सभी पुरुषार्थों का लाभ अर्जन करता है। यह निश्चित सिद्धान्त है, एकदम सत्य बात है। जो इसे ठीक इसी प्रकार समझता है, इस पर श्रद्धा करता है उसे ही यह लाभ प्राप्त होता है।

समस्त शरीरों में रहने वाले चैतन्य रूप ब्रह्म की जो प्राप्ति कराये वही गुरू उपास्य है।

परम पूज्य श्रद्धेय श्री बाबूजी महाराज की सत्ता अनन्त, अखण्ड, अजेय एवं सर्वत्र विद्यमान है। उनकी अखण्ड सत्ता उस अथाह महासागर के समान है जिसमें डुबकियां लगाने पर अपार शान्ति प्राप्त होती है।

मेरे प्रभु, मेरे सर्वस्व, मेरे परम आराध्य ! आपसे यही विनती है कि मेरे ऊपर आपकी दया की अनवरत वर्षा होती रहे, और मेरा हृदय आपके चरणों में सदा-सदा समर्पित रहे।



# ईश्वर प्राप्ति की आवश्यकता एवं सहज-मार्ग का सहयोग

( श्री सत्यनारायण सिंह, इलाहाबाद )

मनुष्य परमात्मा से अलग होकर इस संसार में भटकता हुआ सांसारिक कष्टों को झेलता हुआ अनजाने प्रलय की ओर अग्रसर होता जा रहा है। वह कहां से आया और कहां जा रहा है। उसका रास्ता कौन सा है, तथा कौन से रास्ते का पथिक है उसे कुछ भी ज्ञान नहीं। उसे अपने उस परम स्थाई घर की कोई चिन्ता नहीं रही, जिसको प्राप्त करने के बाद मनुष्य को सब कुछ मिल जाता है। वह तो इन सांसारिक वासनाओं की क्षणिक तुष्टि के लिए पल पल व्याकुल है। रोटी-कपड़ा-बीवी बच्चे-शादी व्याह-धन दौलत को प्राप्त करने में सब कुछ भूल गया है। ड्रामें के पर्दे की भांति (जो बार बार गिरता और उठता है) जन्म मरण की असह्य पीड़ा को झेलता हुआ तथा जन्म जन्मान्तरों के कुसंस्कारों में अपने को लपेटता हुआ प्रलय की ओर तीव्रता से बढ़ता जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ सोचने समझने के लिए उसके पास समय ही नहीं है, और इसी में मग्न है। इससे मुक्त होना भी नहीं चाहता। अधिकांश लोगों को यह सुनना भी गवारा नहीं कि "उसे पाने के बाद कुछ शेष नहीं रहता"। प्राप्त करने के लिए प्रयास करने को कौन कहे। ऐसे लोगों की बात तो मैं नहीं करता जो हमेशा अंधेरे में भटकते रहना ही पसंद करते हैं, हां जो अंधेरे से ऊबकर उजाले में आना चाहते हैं उनके लिए "सहज मार्ग" हमारे श्री बाबूजी महाराज ने जन साधारण को रास्ता दिखाने के लिये प्रस्तुत किया है, जिस पर चलकर इसी जन्म में अपने पूर्व संस्कारों का भोग करके आध्यात्मिकता की ऊँची से ऊँची पहुँच को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

समुद्र के बीच एक कंकड़ फेंकने पर (जहां वह गिरता है उसी स्थान से)

एक लहर का जन्म होता है। वही लहर बीच से धीरे-धीरे किनारे की ओर बढ़ती है। प्रारम्भ में उसकी चाल में तीव्रता तथा स्पष्टता होती है। क्योंकि अभी वह अपने उस पवित्र स्थान के करीबतर तथा अधिक से अधिक प्रभाव में होती है, जहां से उसका जन्म हुआ था। ज्यों २ लहर आगे बढ़ती जाती है अपने उदगम से दूर होती जाती है, और उदगम का प्रभाव भी क्षीण होने लगता है। इसके साथ ही आंधी तूफान तथा अन्य बाधाओं का प्रभाव भी उस लहर पर पड़ने लगता है। फिर भी लहर इन सबके प्रभावों को अपने में समेटते आगे की ओर बढ़ती ही रहती है हांलांकि उसकी शक्ति क्षीण होती रहती है। आकार भी अस्पष्ट होने लगता है, पर वह अपनी धुन में मस्त बिना किसी की चिन्ता किये आगे बढ़ती ही रहती है।

इस सागर रूपी संसार में कंकड़ रूपी आत्मा के गिरने से लहर रूपी जीवन को प्राप्त करके मनुष्य आंधी-तूफान रूपी सांसारिक बाधाओं को वहन करते हुए रोते बिलखते जीवन पर जीवन बिताते चला जा रहा है।

जिस समय आत्मा परमात्मा से अलग होकर इस संसार में आती है उस समय उस पर उसकी सामीपता का प्रभाव अधिक होने के कारण उसमें निर्मलता-शुद्धता अथा ईश्वरीय गुणों की अधिकता होती है। ज्यों २ समय बीतता जाता है, परमात्मा से आत्मा की दूरी बढ़ती जाती है। परमात्मा के प्रभावों का असर क्षीण होने लगता है। साथ ही माया मोह का प्रभाव पड़ने लगता है। यही क्रम चलते चलते आत्मा को परमात्मा विस्मृत हो जाता है। चारों तरफ माया का साम्राज्य छा जाता है जिसमें आत्मा को माया मदारी की बन्दरिया की भांति नचाती फिरती है। फिर क्या, मनुष्य जीवन पर जीवन माया के बंधन में फंस कर अगणित कष्टों को झेलता हुआ अनन्त प्रलय की ओर बढ़ता रहता है, जिसका कभी किनारा नहीं मिलता।

ऐसे समय में हमारे श्री बाबू जी महाराज द्वारा निर्धारित मार्ग "सहज मार्ग" ही एक ऐसा साधन है जो मनुष्य को पुनः उसके असली रास्ते पर लगाकर खड़ा कर देता है। जिसमें बताये गये नियमों का पालन



करके मनुष्य इसी जन्म में गृहस्थी को चलाते हुए तथा सांसारिक वस्तुओं का भोग करते हुए अपनी उच्चतम अभिलाषा (ईश्वर प्राप्ति) की पूर्ति कर सकता है।

श्री बाबू जी महाराज अपनी प्राणाहुति शक्ति के द्वारा प्रथम दिन ही आत्मा का परमात्मा से टूटा संबन्ध जोड़ देते हैं। आत्मा को परमात्मा की तरफ उन्मुख करने के बाद अपने अनूठे अस्त्र ट्रान्समिशन (जो चक्रसुदर्शन से कई गुना अधिक शक्तिशाली है) के द्वारा माया के सारे बन्धनों को (मनुष्य के कुसंस्कारों) काट कर नष्ट करते आगे बढ़ाते जाते हैं इस प्रकार रास्ता बहुत छोटा तथा आसान कर देते हैं, जिससे मनुष्य शीघ्र ही ध्येय को प्राप्त कर लेता है।

# ❋ अभिलाषा ❋

( श्री मुन्नी लाल मौर्य, इलाहाबाद )

छाया था सघन अंधेरा,
देता था कुछ न दिखाई ।
उस गहन तिमिर में किसने,
है दीहक 'ज्योति' जलाई ॥

थक चुका आज मानव था,
चलते-चलते कल्वों से ।
हो चली आश उसको भी,
अब देगा अन्त दिखाई ॥

हैं रही फैल अब किरणें,
तम दूर हुआ जाता है ।
सोया मानव युग-युग से,
चेतन बनता जाता है ॥

युग-युग से चलता आया,
अविकल क्रम बदल रहा है ।
जिन्दा मानव मुर्दा बन,
संसृति में टहल रहा है ॥

जो भी आया चरणों में,
अब मुक्त हुआ जाता है ।
निर्भय हो मानव जग में,
जीवन व्यतीत करता है ॥



डर नहीं आज झोकों का,
मालिक ने बांह पकड़ ली ।
उसकी ही शक्ती से यह,
नौका अब पार लगेगी ॥

इच्छाएँ अगणित मेरी,
है आज मार्ग में बाधक ।
बस, आश कृपा की तेरी,
बन जाऊँ तेरा साधक ॥

सामर्थ नहीं है मेरी,
जो तुझको प्यार करूँ मैं ।
हे नाथ ! दया कर मुझ पर,
दिल तुझे दे सकूँ जो मैं ॥

बस, तुम ही इष्ट हमारे,
ध्याऊँ क्यों और किसी को ।
बिनु कृपा दृष्टि प्रभु तेरे,
पाये नहिं सेवक तुझको ॥

हूँ खड़ा आज प्रभु द्वारे,
बस केवल आश यही कर ।
मिट जाऊँ आज तुम्हीं में,
अपने को तुम में लयकर ॥

# अनन्त यात्रा

[इस स्थाई स्तम्भ के अन्तर्गत श्री 'बाबू जी' और सन्त कस्तूरी चतुर्वेदी के बीच पत्र-व्यवहार क्रमशः प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें अध्यात्म एवं ब्रह्मविद्या सम्बन्धी साधना में अभ्यासी की प्रगति का एक सम्यक् व्यवस्थित वास्तविक विवरण प्रस्तुत है। उक्त विद्या को वैज्ञानिक अध्ययन एवं अनुसन्धान के लिए सुलभ करने की दृष्टि से इस विस्तृत पत्र-व्यवहार का यथातथ्य प्रकाशन महत्वपूर्ण होगा। क्रमागत— —सम्पादक ]

पत्र संख्या ११९

लखीमपुर
६–१०–५०

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम

मेरा एक पत्र पहुंचा होगा। आशा है आपकी तबियत ठीक होगी। मुझे तो कुछ यह हो गया है कि दुनियां के सब लोग, सब चीजें अजीब तस्वीरों की तरह लगती हैं और शायद वैसी ही स्वयं मैं हूँ। नाटक की तरह एक के बाद एक दिन बीतते चले जाते हैं। हाल यह है कि सवेरे की बातें शाम को ऐसी लगती हैं मानों यह वर्षों पहले की बातें कही जा रही हैं और भाई अब तो यह हाल हो गया है कि यदि मुझे और कुत्ते को एक ही थाली में खाना दे दिया जावे तो भी हम दोनों बड़ी खुशी से खाते रहेंगे क्योंकि कि कुछ ऐसा है कि शायद मुझे कुत्ता और कस्तूरी में कोई खास फर्क ही नहीं मालूम देता या आप जाने कि क्या बात है। केवल कुत्ता ही क्या बस सबके लिए यही बात है। खैर 'मालिक' जाने और कुछ यह है कि तमाम फैलाव बढ़ता जाता है। वैसे तो श्री बाबू जी मुझे अपने में कुछ मालूम नहीं पड़ता परन्तु फिर भी कुछ जरूर है अब क्या है यह 'मालिक' जाने। न जाने क्या हो गया है मेरा एहसास मंद



होता चला जाता है। अब तो १०, १२ दिन में बड़ी मुश्किल से जा कर कहीं कुछ हालत समझ में आ पाती है। अब करीब २, ३ दिन से अपने में कुछ हल्का सा फर्क लगता है। आज पूज्य मास्टर साहब जी से आपकी तबियत का हाल भी मालूम हुआ। और सब भली प्रकार हैं।

आपकी दीन–हीन सर्व साधन विहीना
पुत्री कस्तूरी

पत्र संख्या १२०

लखीमपुर
११–१०–५०

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम

आपके पत्र से महानुभाव श्रीमान पापा के महाप्रयाण का बज्राघात सा समाचार पाकर हम सबको असहनीय दुःख हुआ। साथ ही साथ परम आश्चर्य भी। क्योंकि हमें उन महात्मा के महाप्रयाण की इस समय लेश मात्र भी सम्भावना तक न थी। हमारे अभाग्य से ईश्वर ने हमारी प्रार्थना मंजूर नहीं की या हमारी आवाज उस तक न पहुंच सकी। बस सन्तोष मुझे केवल इस बात का है कि मैंने अपना कर्त्तव्य जो 'उनके' लिए प्रार्थना का बताया था सो पूरा कर दिया यहां तक कि दिन में कई–कई बार करीब दो महीने will power भी लगाई परन्तु क्या लाभ। Result तो वही निकला जो निकलना था इसलिए तो अब यही कहना पड़ता है कि नहीं किया। अब हम उन परम पूज्य पापा के चरणों में पत्र पुष्प तुल्य 'शांति पाठ' ही अर्पण करते हैं। यद्यपि उनके लिए कुछ भी करना 'सूर्य को दीपक दिखाने' के सदृश है। कुछ भी हो अब तो यही कहना पड़ता है कि हमारे मिशन का एक स्तम्भ भग्न हो गया।

मेरे बाबू जी 'वे' प्रेम की मूर्ति थे। उनकी बोल चाल तथा उनके दर्शन से हमें ईश्वर प्रेम का पाठ मिलता था। खैर मैं क्या लिख सकती हूँ। वे जैसे थे, वैसे थे, जो थे सो थे। क्योंकि उनके वास्तविक मूल्य को आंकने वाले तो केवल आप हैं।

मेरी हालत तो कुछ यह हो गई है कि मुझे चाहे कितनी भी तकलीफ क्यों न हो परन्तु अन्दर दृष्टि करते ही एक अविचल शान्ति व स्थिरता का सा अनुभव होता है जब तक सब लोग पापा जी की बातें करते हैं तब तक मैं भी परेशान सी हो जाती हूँ परन्तु वहां से उठ जाने पर मुझे कोई खास तकलीफ नहीं होती। ऐसी ही दशा हर परेशानी में समझ लीजिए और न खुशी व आनन्द ही मालूम पड़ता है। अब तो मेरी हालत कुछ अजीब तरह की होती जाती है और कुछ यह हो गया है कि चाहे कुछ भी हो अब मुझे भारीपन कभी एक क्षण को भी नहीं आता। यह बात महीनों से है।

आपकी दीन-हीन, सर्वसाधन विहीना
पुत्री कस्तूरी

पत्र संख्या १२१

लखीमपुर
१४-१०-५०

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम

मेरा एक पत्र आपको मिला होगा। मेरी हालत तो जैसा कि मैं शायद लिख चुकी हूँ कि न मुझे यह मालूम पड़ता है कि मैं स्त्री हूँ, पुरुष हूँ न जाने कौन हूँ क्या हूँ। करीब करीब ऐसा ही मुझे कुल दुनियां में सब के लिए मालूम पड़ता है, इसलिए अब यह भी बात जाती रही कि न जाने कौन मेरा है, न जाने कौन दूसरा है। ऊपर वाली हालत केवल जीवधारी मनुष्यों में ही नहीं वरन् कुल जानवर तथा पेड़ पौधों तक के लिए बस एक ही हालत रहती है। इधर कुछ दिनों से क्या अधिक दिनों से रात में नींद बहुत बुरी आती है इसलिए कुछ आराम नहीं मिलता परन्तु यह मैं देखती हूँ कि दिन में चाहें मैं १५, २० मिनट ही सो जाऊँ तो बहुत आराम मिल जाता है। जैसा कि मैं पहले लिख चुकी हूँ कि जरा भी परेशानी में भी दृष्टि भीतर करते ही मुझे अविचल शांति तथा स्थिरता का अनुभव होता है परन्तु मैं यह देखती हूँ कि यह हालत अधिक महसूस तो तभी होती है जब जरा भी चित्त परेशान होता है परन्तु वैसे तो बस कुल एक ही हालत सब ओर दरसती है।

आपकी दीन-हीन, सर्वसाधन विहीना
पुत्री कस्तूरी

( क्रमशः )